लापरवाही — बड़ी मां की मौत के बाद भतीजे की भी मौत, एक ही घर में एक ही दिन में दो चिंताएं जलीं, ग्रामीणों में रोष

# 24 घंटे के अंदर फिर बाघ ने युवक की ली जान





**चिल्हारी, उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर कूदरी बीट में ग्राम झलवार में 24 घंटे के भीतर टाइगर के हमले की दूसरी घटना सामने आई है। टाइगर के हमले में एक युवक की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

नवभारत संवाददाता से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कल्याण सिंह पिता रामकृपाल सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम झलवार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से कमजोर था। शुक्रवार को जंगल क्षेत्र के पास टाइगर ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव के पास ही बैठा रहा बाघ


घटना की सूचना मिलते ही वन अमला और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची जहां बाघ घटना स्थल पर बैठा मिला, बाघ को भगाने का प्रयास किया जा रहा है, उसके पश्चात शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी। लगातार हो रहे टाइगर हमलों से ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

### अब तक 6 लोगों को बना चुका है शिकार

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन जंगली जनवरों के हमलों से इन्सानों की मौत हो रही है। विगत 10 अप्रैल से 13 जून तक लगभग 2 माह में पनपथा सब डिवीजन में बाघ ने 6 इन्सानों को मौत के घाट उतार दिया 4 इन्सानो को घायल कर दिया दिनांक 10 अप्रैल को बीट कुदरी में झलवार गांव की एक महिला कुसुम बाई गोंड, दूसरी घटना में 16 मई, तीसरी घटना कुदरी गांव की महिला ममता यादव की 12 जून को, झलवार गांव की महिला फूलबाई सिंह गोड़ को 13 जून एवं झलवार गांव का पुरूष कल्याण सिंह गोंड के नाम शामिल हैं ये सभी घटनाएं एक ही बीट प्रभारी शिवकरण बैगा के बीट की हैं 3मई को बीट चिन्सुरा में कुदरी गांव के रज्जू कोल जहां के बीट प्रभारी चुन्नी बैगा हैं उपरोक्त पांचों घटनाएं पनपथा कोर रेन्ज की है जहां के रेन्जर रमेश सिंह पाटले हैं।

### ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

इस तरह से वन विभाग के बड़े अधिकारियों का इस प्रकार की हो रही घटनाओं को ध्यान नहीं देना कई तरह के प्रश्न चिन्ह लगा रहीं हैं, अगर प्रबंधन सही होता तो एक घटना के बाद दूसरी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती लेकिन वन विभाग के आला अधिकारी इन्सानों की कीमत नहीं समझते इसीलिए इनके द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने आला अधिकारियों से शीघ्र रोक लगाने एवं जानमाल की रक्षा की मांग की है।



# बीज भंडार दुकानों का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

जांच दल ने सभी जानकारी अद्यतन करने के मौका स्थल पर दिए निर्देश

**शहपुरा, नवभारत।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिंडोरी जिले के शहपुरा स्थित आशीष बीज भंडार का निरीक्षण वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान एवं साक्षी बिरला द्वारा किया गया। तथा मौका स्थल पर ही बीजों की गुणवत्ता के साथ सभी रिकार्ड अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीज भंडार में उपलब्ध विभिन्न फसलों के बीजों, स्टॉक रजिस्टर, विक्रय अभिलेखों तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही किसानों को निर्धारित दरों पर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बीज भंडार संचालक को शासन के नियमों का पालन करने, बीजों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान बीजों के भंडारण, पैकेजिंग एवं उपलब्धता की भी जानकारी ली गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए जिलेभर में बीज एवं उर्वरक विक्रेताओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें समय पर गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध हो सके।

कांग्रेस ने लगाया लोकतंत्र की हत्या सहित भाजपा पर सीट चोरी का आरोप

# नामांकन रद्द होने पर चुनाव आयोग का किया पुतला दहन



**शहपुरा, नवभारत।** नगर शहपुरा में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में चुनाव आयोग का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता नगर के प्रमुख स्थल पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना राजनीतिक दबाव और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरती जा रही और भाजपा 'सीट चोरी' करने का प्रयास कर रही है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक व्यापक आंदोलन करेगी।कार्यक्रम में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म रहा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# आंधी-तूफान से विद्यालय का टीनशेड क्षतिग्रस्त

बरसात से पहले मरम्मत की मांग, छात्र-छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा पर मंडरा रहा संकट



**शहपुरा, नवभारत।** विकासखंड शहपुरा अंतर्गत ग्राम टिकरिया स्थित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय टिकरिया में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान के कारण विद्यालय परिसर में बने बाथरूम का टीनशेड उड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। बाथरूम की छत क्षतिग्रस्त होने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। तेज हवाओं और तूफान के चलते बाथरूम के ऊपर लगाया गया टीनशेड पूरी तरह उखड़ गया, जिससे भवन खुला रह गया है। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए यह स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। बारिश के दौरान बाथरूम का उपयोग करना कठिन होगा तथा स्वच्छता और सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल क्षतिग्रस्त टीनशेड की मरम्मत अथवा नए टीनशेड की व्यवस्था कराई जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं का सुचारू रूप से उपलब्ध रहना आवश्यक है। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले यदि आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# सूने मकान से लाखों के जेवरात व नकदी पार

अमरकंटक दर्शन करने गया था परिवार

**नवभारत, शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना वार्ड क्रमांक 13 की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 निवासी रवि कुशवाहा शनिवार सुबह अपने परिवार के साथ अमरकंटक दर्शन के लिए गए थे। परिवार सुबह करीब 7 बजे घर में ताला लगाकर रवाना हुआ था। रात लगभग 10 बजे जब वे वापस लौटे तो घर में चोरी होने का पता चला।

पीड़ित रवि कुशवाहा ने बताया कि मकान के सामने वाले दरवाजे का ताला सुरक्षित लगा हुआ था, जबकि पीछे का दरवाजा खुला मिला। घर के भीतर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा 14 हजार रुपये नकद गायब मिले। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही सोहागपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। हाल ही में जयसिंहनगर क्षेत्र में एक मकान से लाखों रुपये की चोरी की वारदात सामने आई थी, वहीं जैतपुर थाना क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक के घर हुई 70 लाख रुपये से अधिक की बड़ी चोरी का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने तथा चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# गोहपारू थाने के चक्कर काट कर थक गई पीड़िता

**नवभारत,गोहपारू ।** पुलिस प्रशासन जहां एक ओर महिला सुरक्षा और पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ताजा मामला शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम खांड से सामने आया है, जहां एक लाचार महिला न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।मिली जानकारी के अनुसार,शासन से निवेदन है कि हमारी बीच पट्टे में रास्ता बना है। अपना रास्ता नक्शे में बनवाएं। हम सरपंच को बोलते हैं तो सरपंच कहता है कि पट्टा निरस्त कर देंगे। जल्द से जल्द जमीन को निगरानी करवाएं।

जनपद पंचायत गोहपारू, तहसील गोहपारू, ग्राम पंचायत खाँड़ से वार्ड नंबर 13, मैं किरण सिंह कँवर। 1123/2 हमारे नाम का जमीन है, लेकिन खैराड़ मचा के रखे हैं कौशल्या और इधर लोकेश, जमुना, ये लोग परिवार हो के हमको धमकी देते हैं। हमारा पति का जीना हराम करते हैं इस जमीन के बारे में। बीच पट्टे में रोड... रोड को कहते हैं नक्शे में बनवा दो तो सरपंच कहता है नहीं बनवाएंगे। धमकी देते हैं कि पट्टा निरस्त करेंगे। ग्राम खांड निवासी फरियादिया किरण सिंह कमर पिछले काफी समय से एक गंभीर जमीनी विवाद को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित हो रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते आरोपी जमुना सिंह एवं उसके भाइयों के द्वारा लगातार फरियादिया किरण सिंह कमर और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस र मिल रही धमकी के कारण पीड़िता और उनका पूर परिवार हमेशा खौफके साए में।

### थाने में कोई सुनवाई नहीं

फरियादिया किरण सिंह कमर ने बताया कि अपनी और अपने पति की सुरक्षा तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वह कई बार गोहपारू थाना जा चुकी हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि थाने में तैनात उन्हें ही डांट-फटकार (हड़का) कर थाने से भगा दिया।

### कलेक्टर से की लिखित शिकायत, न्याय की आस

गोहपारू थाने से निराश होकर आखिरकार पीड़िता किरण सिंह कमर ने जिला मुख्यालय का रुख किया। उन्होंने शहडोल कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपबीती सुनाई और एक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में उन्होंने आरोपी जमुना सिंह और उसके भाइयों से अपनी तथा अपने पति की जान का खतरा बताते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करने और गोहपारू थाना पुलिस के गैर-जिम्मेदाराना रवैये की जांच करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जिला कलेक्टर के संज्ञान में मामला आने के बाद इस बेबस परिवार को कब तक न्याय मिलता है और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों सहित धमकी देने वाले आरोपियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किए गए हैं। लंबे समय से एक ही पदस्थापना स्थल पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानांतरण नीति 2026के तहत नई पदस्थापना दी गई है। यह कार्रवाई प्रशासनिक आवश्यकता और विभागीय व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है। जारी आदेश के अनुसार उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला पुलिस कर्मचारियों सहित कुल 110 पुलिसकर्मियों को जिले के विभिन्न थानों, चौकियों और इकाइयों में स्थानांतरित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक ही स्थान पर चार वर्ष तथा एक ही अनुभाग में दस वर्ष की अवधि पूरी कर ली थी, उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

मांग — शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार सभी हो रहे बुरी तरह प्रभावित

# भदार नदी पर पुल नहीं बनने से विकास पर लगा ब्रेक

**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर विकासखंड के ग्राम बचहा, सलैया, पड़वार, सुखदास, कसेरू, बकेली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भदार नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से मांग किए जाने के बावजूद आज तक पुल निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास प्रभावित हो रहा है।

### छात्र-छात्राओं की शिक्षा पर पड़ रहा बुरा असर

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बरही एवं अन्य नगरों में जाना पड़ता है। पुल नहीं होने के कारण उन्हें लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। बरसात के समय आवागमन और अधिक कठिन हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और कई बार स्कूल-कॉलेज तक पहुंचना भी चुनौती बन जाता है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचना मुश्किल

ग्रामीणों का कहना है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है। यदि भदार नदी पर पुल बन जाए तो बरही और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचना आसान होगा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को राहत मिलेगी।

### व्यापार सहित रोजगार पर भी असर

किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने के लिए



अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। इससे परिवहन खर्च बढ़ता है और समय की बर्बादी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। क्षेत्रीय जनों का आरोप है कि पुल के अभाव में कई गांव विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। सड़क संपर्क बेहतर नहीं होने से सरकारी योजनाओं का लाभ भी अपेक्षित रूप से नहीं मिल पाता। पुल निर्माण होने से क्षेत्र में निवेश, व्यापार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा।

### बरसात में बढ़ जाती है ज्यादा परेशानी

बरसात के दिनों में भदार नदी का जलस्तर बढ़ने से आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कई बार उठी मांग, नहीं मिला समाधान

ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों नवभारत समाचार पत्र में कई बार उपरोक्त समाचार का प्रकाशन किया गया और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर पुल निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से भदार नदी पर शीघ्र पुल निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति का आधार बनेगा।



# यात्रियों का जत्था पहुंचा अमरकंटक

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी से 20 यात्रियों का जत्था पुरषोत्तम मास एवं सोमवती अमावस्या पर मां नर्मदा की पावन पवित्र भूमि पर पहुंच कर मां नर्मदा नदी में स्नान कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं महिलाओं द्वारा पीपल के झाड़ में भमरी लगा कर पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त मांगा। प्राकृतिक सुंदरता से आच्छादित अमरकंटक से बिरसिहपाली में विराजमान मां बिरासनी के दर्शन कर, माता



ज्वाला मुखी के दर्शन पश्चात अमोलखोह में सन्त बच्चू गिरी महाराज के दर्शन कर महराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।